श्वानों का जोधपुर में आतंक, दो विदेशी पर्यटकों को काटा

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर के भीतरी क्षेत्रों में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक मचा हुआ है। आए दिन वह किसी ना किसी को काट रहे है। इस बार उन्होंने दो विदेशी युवतियों पर हमला कर दिया। कुत्ते एक युवती के पैर की पिंडली को चबा गए और दूसरी युवती के घुटने में काटा। स्थानीय लोगों ने युवतियों को कुत्तों से छुड़वाया और अस्पताल ले गए।

पहली घटना सुबह नरौ बजे भीतरी शहर के पचेटिया हिल्स क्षेत्र में हुई। विदेशी युवती घूमने निकली थी। तभी एक कुत्ता युवती पर झपट पड़ा और पैर की पिंडली को जकड़ लिया। कुत्ते के काटने से युवती की पिंडली का मांस बाहर आ गया। उसकी चीख सुनकर स्थानीय लोग दौड़े और कुत्ते को भगाया। मौके पर मौजूद लोग उसे नवचौकिया हॉस्पिटल ले गए। दूसरी घटना सुबह ग्यारह बजे की है। तूरजी का झालरा में घूम रही इजराइली पर्यटक पर कुत्ते ने हमला कर दिया। वह भीतरी इलाके में घूम रही थी, तभी कुत्ते ने घुटने पर काट लिया। युवती की चीख सुनकर स्थानीय लोगों ने उसे बचाया। घटना के बाद का युवती का वीडियो भी सामने आया। इसमें दर्द से कराहती युवती नजर आ रही है।

विदेशी पर्यटकों के साथ कुत्तों द्वारा काटने की पहले भी घटनाएं हो चुकी है। गत 28 जनवरी को नीदरलैंड से आई पर्यटक वेन लुइज को भी कुत्तों ने काटा था। इससे पहले 12 जनवरी को स्विजरलैंड के पर्यटक माइकल भी कुत्ते के हमले का शिकार हुए थे। माइकल नौ जनवरी को जोधपुर आए थे और भीतरी शहर के एक गेस्ट हाउस में ठहरे थे। शहर घूमने निकले माइकल पर कुत्ते ने हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने उन्हें बचाया और नवचौकिया हॉस्पिटल में उपचार कराया। इसके बाद वह उदयपुर चले गए।

आवारा कुत्तों के आतंक से आमजन के साथ ही घूमने आने वाले देसी-विदेशी पर्यटकों में भी खौफ है। ऐसे हालात में जोधपुर की छवि पूरे विश्व में खराब हो रही है, लेकिन जिम्मेदार नगर निगम इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

हालात ऐसे ही रहे, तो यहां पर्यटक भी आने से कतराने लगेंगे।

नेत्र चिकित्सा शिविर कल

पाली, (नि.सं.)। श्रीमती ललिता देवी साबू मेमोरियल ट्रस्ट नावां सिटी जिला-नागौर के सौजन्य से पाली सेवा मंडल एवं जिला अन्धता निवारण समिति पाली के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 6 फरवरी 2025 गुरुवार को पाली सेवा मंडल अस्पताल नया गाँव पाली में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का समय प्रात: 9:00 से 1 बजे तक रहेगा।

आंखों से सम्बन्धित विभिन्न बीमारियों का इलाज कर नि:शुल्क दवाईयाँ दी जाएगी । तथा मोतियाबिंद के मरीजों का चयन कर ऑपरेशन के लिए भर्ती किया जाएगा। नि:शुल्क लैन्स प्रत्यारोपण किए जाएंगे। अस्पताल में मरीजों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था संस्था व्दारा नि:शुल्क की जाएगी।

सी.बी.आई. की जांच से मिलेगा न्याय : सियोल

जोधपुर, (कासं)। बहुचर्चित अनीता चौधरी हत्याकांड को लेकर सीबीआई की ओर से केस दर्ज करने के बाद ओसियां विधायक भैराराम सियोल ने कहा कि राज्य सरकार ने अपना वादा निभाया है। सीबीआई जांच में अनीता के परिजनों को न्याय और दोषियों को कड़ी सजा मिलेगी।

विधायक ने राज्य सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जो वादा किया उसको निभाया है। अब समाज की बेटी को न्याय और दोषियों को कड़ी सजा मिल सकेगी।

बता दे कि जोधपुर में महिला की बॉडी के कई टुकड़े करके गहरे गड्ढे में दफनाने को लेकर सर्व समाज में भारी आक्रोश था। इसको लेकर परिजनों की ओर से धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। जिस पर राज्य सरकार ने प्रतिनिधि के तौर पर ओसियां विधायक भैराराम सियोल को वार्ता के लिए भेजा गया था।

समझौता वार्ता में इस प्रकरण की जांच सीबीआई से करने पर सहमति बनी थी। इसके बाद ओसियां विधायक सियोल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिलकर इस मामले की सीबीआई जांच करवाने का आग्रह किया था। सीबीआई जांच को लेकर राज्य के गृह विभाग की ओर से केंद्र को अनुशंसा भिजवाई गई थी। जिस पर सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करते हुए इस मामले को जांच के दायरे में लिया है।

इस मामले को लेकर राजस्थान विधानसभा में ओसियां विधायक ने ऑनलाइन विधानसभा के प्रश्नों में जोधपुर के अनीता चौधरी हत्याकांड की जांच सीबीआई से करवाने संबंधित ऑनलाइन तारांकित प्रश्न भी सदन में लगा रखा था। हालांकि प्रश्न का जवाब आने से पूर्व सीबीआई ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है।

जोधपुर मंडल ने डबल स्ट्रैक कंटेनर ट्रेन चलाई

जोधपुर,(का.सं.)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल ने पहली बार डबल स्ट्रैक कंटेनर ट्रेन का संचालन करने में सफलता हासिल की है। ट्रेन भीलड़ी से हनवंत रेलवे स्टेशनों के बीच सफलतापूर्वक संचालित की गई।

डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने मंडल पर चलाई गई डबल स्ट्रैक कंटेनर ट्रेन के सफलतापूर्वक संचालन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक सफलता से जहां पश्चिमी राजस्थान में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे वहीं इससे लदान क्षमता में भी वृद्धि होगी।

माल ढुलाई से फायदा होगा तथा एक बार में दोगुने से भी ज्यादा सामान को एक से दूसरे स्थान पर आसानी से भेजा जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि भीलड़ी से सोमवार सुबह 10.55 बजे रवाना हुई एमडीसीसी-एचपीजीएच(डबल स्ट्रैक) ट्रेन धानेरा-रानीवाड़ा-मारवाड़ भीनमाल-मोदरान-जालोर-समदड़ी-लूनी जंक्शन होते हुए रात्रि 9 बजे 180 कंटेनर्स के साथ थार ड्राई पोर्ट की हनवंत साइडिंग पर पहुंच गई।

डीआरएम ने जोधपुर मंडल पर डबल स्ट्रैक कंटेनर ट्रेन के संचालन को मंडल के लिए ऐतिहासिक बताया और उम्मीद जताई कि इस ट्रेन के प्रारंभ होने से निर्यातकों को कम लागत पर अपने माल को निर्यात करने में सुविधा उपलब्ध होगी।

डबल स्ट्रैक तकनीक एक निश्चित लंबाई की मालगाड़ी होती है जो लगभग दोगुने कंटेनर ले जा सकती है जिससे प्रति कंटेनर की परिवहन लागत में कमी आती है।

यह ट्रेनें एक बार में 90 गुणा दो यानी 180 कंटेनर एक साथ ले जा सकती है जिनकी वहन क्षमता 360 टन तक हो सकती है।

बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, गाड़ी बरामद

जोधपुर, (कासं)। शहर की बनाड़ पुलिस ने बाइक चुराने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 29 जनवरी को वीरतेजा पुल के नीचे से एक बाइक को चुराया था। आरोपी से अन्य वाहन चोरी की घटना को लेकर पड़ताल की जा रही है।

एएसआई बींजाराम ने बताया कि 29 जनवरी को वीरतेजा पुल नीचे एक अध्यापक की बाइक चोरी हो गई थी। जिस बारे में 30 जनवरी को पुलिस में रिपोर्ट दी गई थी। बाइक चोरी के इस प्रकरण में अब नट बस्ती बीजेएस निवासी अरविंद पुत्र विक्रम नट को पकड़ा गया है। उसकी निशानदेही पर चोरी की बाइक को जब्त किया गया।

भगत की कोठी से प्रयागराज के लिए महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन आज

जोधपुर, (कासं)। रेलवे द्वारा प्रयागराज महाकुंभ-2025 में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा के लिए बुधवार को उपनगरीय भगत की कोठी से महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है।

ट्रेन में यात्रियों के लिए 15 अनारक्षित डिब्बे होंगे तथा यह भगत की कोठी से डेगाना-रतनगढ़-दिल्ली-प्रयागराज के रास्ते पाटलीपुत्र स्टेशनों के बीच चलाई जाएगी।

जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रयागराज महाकुंभ मेला को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधा के लिए ट्रेन 04813/04814,भगत की कोठी-पाटलीपुत्र-भगत की कोठी महाकुंभ स्पेशल(1 ट्रिप) का संचालन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि ट्रेन 04813,भगत की कोठी से बुधवार अपराह्न 4 बजे रवाना होकर 4.10 बजे जोधपुर आकर 4.20 बजे प्रस्थान व प्रयागराज स्टेशन पर अगले दिन सायं 6.25 बजे पहुंच कर 6.30 बजे रवाना होकर रात्रि 2 बजे पाटलीपुत्र पहुंच जाएगी। वापसी में ट्रेन 04814, पाटलीपुत्र स्टेशन से 7 फरवरी को सुबह 4.30 बजे रवाना होकर दोपहर 12.05 बजे प्रयागराज आकर 12.10 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 1.20 बजे जोधपुर और 1.45 बजे भगत की कोठी पहुंच जाएगी।

सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा के अनुसार भगत की कोठी-पाटलीपुत्र महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन में 1 थर्ड एसी,5 स्लीपर,15 जनरल व दो गार्ड एसएलआर सहित कुल 23 डिब्बे होंगे।

ट्रेन आवागमन में जोधपुर, गोटन, मेड़ता रोड, डेगाना, बड़ी खाटू, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनूं, सुजानगढ़, रतनगढ़, चूरू, सादुलपुर, लोहारू, सतनाली, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली, गाजियाबाद, अलीगढ़, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा व दानापुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

'चार पहिया वाहन चोरों की गैंग पकड़ी'

जोधपुर (कासं)। शहर की बनाड़ थाना पुलिस ने शातिर वाहन चोरों की गैंग को पकड़ा है। आरोपियों से दो

- **आरोपियों से दो स्कार्पियो और एक बाइक को**

स्कार्पियो और एक बाइक को जब्त किया गया है। आरोपी बाड़मेर के रहने वाले है। वाहन चोरी की अन्य घटनाओं को लेकर भी पूछताछ की जा रही है।

बनाड़ थानाधिकारी गंगाराम ने बताया कि 6 दिसम्बर को थाना क्षेत्र से एक स्कार्पियो चोरी की रिपोर्ट हुई थी। वाहन चुराने वालों का पता लगाने के लिए पुलिस की टीम को लगाया गया। आस पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को जांचा गया। गहरी छानबीन के बाद पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों बाड़मेर के नागाणा स्थित मातासर भूरटिया निवासी मोहनलाल उर्फ मुन्नारा जाट एवं प्रेम जाट को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से बनाड़ क्षेत्र में चुराई गई स्कार्पियो का जब्त किए जाने के साथ इन लोगों ने जालोर से चुराई एक अन्य स्कार्पियो को भी बरामद किया गया। इन लोगों ने भीनमाल से एक बाइक को चुराया था, जिसे भी बरामद किया गया है। अन्य वाहन चोरी की घटनाओं को लेकर पड़ताल जारी है।

शाकदीपीय ब्राह्मण समाज के लोगों ने सूर्य उपासना की

पाली में सूर्य सप्तमी पर शाकदीपीय ब्राह्मण समाज ने शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। सूर्य सप्तमी के अवसर पर पानी दरवाजे के निकट इच्छा पूर्ति माताजी मंदिर परिसर से शाकदीपीय ब्राह्मण समाज की ओर से सुबह हवन कार्यक्रम और सूर्य उपासना के पश्चात 10 बजे शोभायात्रा बैंड बाजा के साथ प्रारंभ हुई।

समाज के लोग सिर पर केसरिया साफा बांधे, महिलाएं पीली चुनरी ओढ़कर, झांकियां में बालक भगवान का रूप धरकर बैठे हुए थे। सूर्य पताकाओं के साथ जय कारे लगाते हुए चल रहे थे। यह शोभायात्रा पानी दरवाजे से रवाना होकर फतेहपुरिया बाजार, सराफा बाजार, सोमनाथ मंदिर, भेरूघाट होते हुए वापस इच्छापूर्ति माताजी मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। यहां पर आरती के पश्चात विभिन्न बच्चों की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और प्रसादी का कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में समाज के बसंत शर्मा, प्रकाश शर्मा, अशोक शर्मा कपिल शर्मा, राजन शर्मा, डॉ के एम शर्मा सहित कई जने मौजूद रहे।

संयुक्त महासंघ का धरना 7 फरवरी को

जैसलमेर , (नि.सं.)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ संघ के जिला अध्यक्ष भंवरलाल गर्ग ने बताया कि नेशनल पेंशन सिस्टम को रद्द कर पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर एवं खेमराज कमेटी की रिपोर्ट लागू की गई इसका विरोध करेंगे और उसकी होली जलाएंगे।

केंद्र व राज्य सरकार के करोड़ों कर्मचारी करीब 20 सालों से पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं राजस्थान में अभी ओपीएस लागू है।

केंद्र ने यूपीएस आगामी 1 अप्रैल से लागू करने की बात पर राजस्थान में आम कर्मचारियों में संशय है कि राजस्थान में भी यूपीएस लागू नहीं कर दे इसी को लेकर आम कर्मचारी वर्ग परेशान है । 11 सूत्री मांग पत्र भी राज्य सरकार के पास लंबित है। उनका भी निराकरण करवाने हेतु सविंदा एवं ठेका कर्मचारियों को स्थाई करने हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्थाई करने हेतु उनका नियमित वेतनमान देने को लेकर। कई विद्यालयों विभागों को को बंद भी किया जा रहा है । वेतन विसंगतियों को दूर करना ऐसी कई मांगे हैं जो मांग पत्र में सम्मिलित है। मांगों को मनवाने के लिए विशाल धरना प्रदर्शन एक दिन का 7 फरवरी को जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने संयुक्त महासंघ से जुड़े कर्मचारी एक दिवसीय अवकाश लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे

देवनारायण भगवान की शोभायात्रा निकाली

पाली में देवनारायण भगवान के जन्मोत्सव को लेकर शोभायात्रा निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

पाली, (नि.सं.)। देवनारायण भगवान के 1113 वें जन्मोत्सव को लेकर मंगलवार को पाली शहर में शोभायात्रा निकाली गई।

पाली शहर के देवजी का बास स्थित मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना हुई जो शहर के विभिन्न रास्तों स होकर वापस मंदिर पहुंच सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग शामिल हुए।

सुबह देवजी का बास स्थित देवनारायण भगवान को खीर, पुड़ी, चुरमे का भोग लगाया गया। उसके बाद गाजे-बाजे से शोभायात्रा रवाना हुई। पूरे रास्ते गुर्जर समाज के लोग देवनारायण भगवान के जैकारे लगाते हुए चल रहे थे। महिलाएं सिर पर कलश धारण किए हुए चल रही थी। शोभायात्रा देवजी के बास स्थित मंदिर से रवाना होकर भैरूघाट, गीता भवन, सूरजपोल, सोमनाथ मंदिर होते हुए वापस देवजी का मंदिर पहुंच सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के महिला-पुरुष शामिल रहे।

पूरे रास्ते शोभायात्रा में युवा और बच्चे भजनों पर झूमते हुए चलते नजर आए। महिलाएं सिर पर कलश धारण किए हुए मंगल गीत गाते हुए माहौल को धर्ममय करते हुए चल रही थी। शोभायात्रा में शामिल झांकियों के जरिए भगवान देवनारायण के संदेशों को दर्शाया गया। इससे पहले सोमवार रात को भजन संध्या का आयोजन भी देवजी बास स्थित भगवान देवनारायण के मंदिर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गुर्जर समाज के लोग शामिल हुए।

ज्वैलरी कारोबारी के साथ 35 लाख रुपए की ठगी

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर में रहने वाले एक ज्वैलरी कारोबारी को शातिर शख्स ने परिचित का हवाला देकर उससे सोने के बिस्किट के नाम पर धातु थमाकर 35 लाख की ठगी कर डाली। बाद में कभी शातिर रूपयों के लिए जयपुर बुलाता तो कभी मुंबई। आखिरकार वह मुंबई से फरार हो गया। अपने स्तर पर काफी तलाश के बाद ठग हाथ नहीं लगा तो पीड़ित ने पुलिस की शरण ली। इस बारे में सरदारपुरा थाने में मामला दर्ज करवाया गया।

मामले के अनुसार आडा बाजार हाल गणपति नगर शांतिनाथ नगर, प्रतापनगर के रहने वाले सुनील माहेश्वरी ने रिपोर्ट दी है । दर्ज रिपोर्ट में उसने बताया कि वह वह सोने चांदी के आइटम बनवाकर शहर के व्यापारियों आदि को होलसेल पर उपलब्ध कराता है। वह जोधपुर के रामदेव मंदिर रोड मसूरिया के मनोज सोनी को भी ज्वैलरी बनाकर देता है। गत साल सितंबर में उसके मोबाइल पर किसी शख्स ने वाटसअप कॉल किया और कहा कि उसने मनोज सोनी से आपके नंबर लिए और वह सस्ती दर पर सोना उपलब्ध करवाता है। उस शख्स ने खुद का नाम धनराज सोनी बताया था।

इस पर सुनील माहेश्वरी ने उसे सितंबर अंत में मिलने के लिए बुलाया। तब धनराज सोनी नाम का शख्स उससे मिलने के लिए जोधपुर आया और उसे 100 ग्राम सोने का बिस्किट दिखाया। जांच में बिस्किट असली सोने का पाया गया।असली सोना जानकार सुनील माहेश्वरी ने उसे 500 ग्राम सोने का ऑर्डर दिया। बाद में इसकी खरीद फरोख्त के लिए सितंबर अंत में ही वह शख्स धनराज सोनी एक अन्य लडक़े को साथ लेकर जोधपुर आया। यहां चिल्ड्रन पार्क के पास में उसे 500 ग्राम सोना प्लास्टिक की डिब्बी में पांच बिस्किट रूमाल में बांध कर दिए। बदले में उसे 35 लाख रूपए दे दिए। धनराज सोनी ने कहा कि कोई पकड़ लेगा, इसलिए वह जल्दी सोना लेकर निकल जाएं। तब सुनील माहेश्वरी अपने दो तीन अन्य साथियों मानसिंह गौड़, चंदनसिंह, राजू आदि के साथ में ऑटो लेकर निकल गए। घटना के समय यह लोग भी साथ थे।

इसके बाद में जब गोल्ड के चैक कराया तो पता लगा कि वह केवल धातु है। असली सोना नहीं है। बाद में धनराज सोनी को कॉल करने पर उसने कई बात तो फोन नहीं उठाया और अंत में फोन उठाने पर कहा कि वह 1 अक्टूबर को जयपुर आ रहा है। जहां पर वह दिए गए रूपए लौटा देगा। पुलिस में केस दर्ज मत कराना। बाद में सुनील माहेश्वरी उसके जयपुर बताए ठिकाने पर अपने परिचितों के साथ जयपुर गया।

वहां पहुंचने पर धनराज सोनी ने कहा कि वह जरूरी कार्य से मुंबई निकल गया है। 9 अक्टूबर को मुंबई आ जाना। इस पर सुनील माहेश्वरी अपने परिचितों को लेकर मुंबई गोरेगांव पहुंचे। जहां ऑबेरॉय होटल गोरेगांव पुल पर धनराज सोनी व उसके साथ आया लडक़ा मौजूद थे, मगर वे लोग सुनील माहेश्वरी को देखकर वहां से फरार हो गए। भीड़भाड़ ज्यादा होने पर दोनों वहां से गायब हो गए।

पीड़ित सुनील माहेश्वरी ने रिपोर्ट में बताया कि वह काफी समय तक ठगों की तलाश में लगा रहा, मगर उनका पता नहीं चल पाया। अब उसने पुलिस में रिपोर्ट दी है। शातिर ने उससे 35 लाख रूपए की ठगी कर ली। जांच थानाधिकारी शेषकरण बारहठ की तरफ से की जा रही है।

डोडा, गांजा व शराब बेचते पकड़ा

जोधपुर, (कासं)। अवैध रूप से नशीले पदार्थ रहे तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार कर डोडा पोस्त, गांजा और शराब जब्त की।

कुड़ी भगतासनी थानाधिकारी हमीरसिंह ने शिवनगर केबीएचबी क्षेत्र में अवैध रूप से डोडा बोस्त बेचने के आरोप में हड़मानराम विश्नोई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से ढाई किलो डोडा पोस्त जब्त किया। भगत की कोठी थानाधिकारी राजीवल भादू ने ओम कॉलोनी बासनी में अवैध रूप से गांजा बेच रहे नरपत चौहान पुत्र शंकर चौहान को गिरफ्तार कर गांजा जब्त किया।

बासनी थाने के एसआई सुरेश कुमार ने पशु आहार के सामने अवैध रूप से शराब बेच रहे श्यामलाल पुत्र बाबूलाल को गिरफ्तार कर बेचने को रखी अवैध शराब जब्त की। देवनगर थाने के एसआई चमनाराम ने पुरानी रेलवे पटरी के पास नट बस्ती क्षेत्र में हथकड़ी शराब बेच रहे मनोज पुत्र शोकिन नट को गिरफ्तार कर दो लीटर हथकड़ी शराब जब्त की।

देवनगर थाने के हैडकांस्टेबल नीबसिंह ने राजीव गांधी कॉलोनी में अवैध रूप से शराब बेच रही श्रीमती शीला पत्नी स्व. जितू नट को गिरफ्तार कर 20 पव्वे जब्त किए।

वृद्धा सोती रही, चोर माल ले गए

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती डांगियावास स्थित बिसलपुर गांव में एक घर में चोरी हो गई। घर में केवल वृद्धा थी जोकि रात में सो रही थी। अज्ञात चोर घर से एक किलो चांदी के साथ दो तोला सोने के जेवर चुरा ले गया। सुबह वृद्धा जागी तो चोरी का पता लगा। वृद्धा की तरफ से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

डांगियावास पुलिस थाने के एएसआई कुशालराम ने बताया कि बिसलपुर में रहने वाले दिनेश दास पुत्र किशनदास वैष्णव की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि गांव के उसके एक मकान में मां अकेली सोती है। वह रात को अपनी ढाणी में चला गया था। सुबह उठने पर पता लगा कि उसके घर में केवल एक कमरें में चोर घुसा और वहां बक्सें में से सामान बाहर निकाल कर दो तोला सोने के जेवर, एक किलो चांदी के आइटम ले गया है। सुबह मां के जागने पर चोरी का पता लगा। एएसआई कुशाल राम ने बताया कि मौका मुआयना किया गया है। चोर का पता लगाने का प्रयास जारी है।

वहीं प्रतापनगर हुडको क्वार्टर- के . सेक्टर में बंद मकान से चोर पांच छह तोला सोना और एक लाख की नगदी चुरा ले गए। संबंधित थाना पुलिस अब चोरों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि बिजलीघर के पीछे जे.-36 निवासी नवजीत सिंह पुत्र हरिसिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसके बड़े भाई अमरीक सिंह का एक मकान के. सेक्टर हुडको में आया है। वे हैदराबाद गए हुए है। रात्रि के समय में अज्ञात चोरों ने घर के ताले तोडक़र वहां से 5-6 तोला सोने के जेवर, चांदी के आभूषण और एक लाख की नगदी चोरी कर ले गए। उनसे बात होने पर यह जानकारी दी गई। वे हैदराबाद से अभी नहीं आए है।

'पाली की तस्वीर बदलनी चाहिए' स्मारिका का विमोचन किया

पाली, (नि.सं.)। कालांतर में पारा, पेपावती और आज पाली नामकरण वाली ऐतिहासिक ऐश्वर्य नगरी हैजहां पत्थर भी बोलते हैं,इसका वैभव बना रहना चाहिए इसकी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को बनाए रखने के लिए हम सबको जागरूकता के साथ मिलकर सतत प्रयास करते रहना चाहिए ताकि इस शहर का स्वच्छ पर्यावरण,ड्रेनेज सिस्टम, सड़के, नालों, नहरों, नदी, तालाब, नाडी में पानी का आवागमन सुगम हो,नगर की स्वच्छता हो,अतिक्रमण का दाग मिटे,विकास की पारदर्शिता सुनिश्चित हो और नेताओं व अधिकारियों में जनहित की कर्तव्य पारायणता की इच्छा शक्ति होनी चाहिए तभी शहर अत्यधिक विकास कर सकेगा और ये तभी संभव होगा जब जनता खुद जागरूक और जनप्रतिनिधि, अधिकारी जवाब देह होंग। ये विचार आज यहां मंडली खुर्द हेमावास चौराहे स्थित चाणक्य आश्रम में ''सेवा और संकल्प'' महा समिति दारा प्रकाशित स्मारिका,, पाली की तस्वीर बदलनी चाहिए' के विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के उप क्रम एठीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया के निवर्तमान संस्थापक अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता सुपारस भंडारी बोल रहे थे,

पिछले साल 5 अगस्त को बाढ के पानी में डूब चुके पाली शहर की बर्बादी के लिए जिम्मेदारों को गैर जिम्मेदार बताते हुए वरिष्ठ नेता सुपारस भंडारी ने कहा कि शहर में आज आमूलचूल सुधार की जरूरत है और मुझे खुशी है कि इस दिशा में सेवा और संकल्प महा समिति के अध्यक्ष जबर सिंह राजपुरोहित ने राजनीति से ऊपर उठकर सूझ बूझ के साथ जन हित में जिला कलेक्टर तथा जिला अधिकारियों की टीम को साथ लेकर शहर की जानलेवा गंभीर समस्याओं का सर्वे करवाया। जिस पर ठोस काम हुआ तथा जिला कलेक्टर एल एन मंत्री ने इच्छा शक्ति के साथ एक अच्छी कार्य योजना बनाई जिसके लिए जबर सिंह,सेवा और संकल्प की पूरी टीम, जिला कलेक्टर एल एन मंत्री,एडीएम भवानी सिंह पंवार सहित सर्वे टीम के सभी अफसरों को साधुवाद देते हुए उम्मीद जताई कि जल्दी ही राज्य सरकार जन हित में 169 62 करोड़ का बजट जारी करेंगे,उन्होंने कहा कि शहर में अब तक के प्रयासों पर प्रकाशित पाली की तस्वीर बदलनी चाहिए स्मारिका जिला प्रशासन का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है जो अब नागरिकों के हाथों में है ये पाली शहर के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे पाली बार एसोशिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मदन लाल सोनी ने कहा कि जुल्म इतना बुरा नहीं जितनी खामोशी है,बोलना सीखो वरना पीढ़ियां गूंगी हो जाएगी,पाली में परिवर्तन आसान नहीं होता,संभव बनाना पड़ता है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि विजिलेंस सर्वे कमेटी के अध्यक्ष एडीएम सीलिंग भवानी सिंह पंवार के काम की सभी वक्ताओं ने जमकर तारीफ कर उनका नागरिक अभिनंदन से बहुमान किया,

सेवा और संकल्प महा समिति के प्रदेश अध्यक्ष जबर सिंह राजपुरोहित ने अब तक कार्य योजना पर प्रकाश डालकर भावी योजनाओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया,पर्यावरणविद दानिस फौजदार व प्रवीण कुम्भट ने कहा कि अन्याय सहना कायरता की निशानी है इसलिए जनता खुद अपने अधिकारों के लिए जागरूक बने,वरिष्ठ नागरिक समिति के जिलाध्यक्ष रामलाल मोहबारसा ने शहर में बरसाती पानी के भराव की स्थाई निकासी के ठोस उपाय करने का आव्हान किया। किसान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह मंडली ने जंवाई बांध पुनर्भरण योजना में तेजी लाने का संयुक्त प्रयास का आव्हान किया,चाणक्य आश्रम के गादीपति जगदीशानंद महाराज ने शहर के नदी,नालों, नाडी,तालाब,बहाव के रास्तों में बाधक बने अतिक्रमण तुरंत हटाने की कार्य योजना पर काम करने का सुझाव दिया। सेवा और संकल्प महा समिति की प्रदेशमहिला अध्यक्ष लहर कंवर राठौड़ ने सिटी सीवरेज की असफल कार्य योजना में सुधार की जरूरत बताई,अधिशाषी अभियंता नन्द किशोर बालोटिया ने सीवरेज के दूषित पानी का सिटी टैंक में प्रवेश को रोकने व शुद्ध पेयजल सप्लाई की कार्य योजना पर काम करने की जरूरत बताई, निवर्तमान अधिशाषी अभियंता तारा राम गहलोत ने इस महा अभियान से आमजन को जोड़ने और जन जागरूकता पर जोर दिया,विकास अधिकारी भंवर लाल शर्मा ने शहर के विकास के लिए पाली की जन शक्ति को साथ आने का आव्हान किया वही उज्जवल लॉव कॉलेज के चेयरमैन गुणेश रावल ने कहा कि शहर के विकास के लिए हम सबको सकारात्मक प्रयास करने चाहिए। स्वागत भाषण स्मारिका के प्रधान संपादक गजेंद्र सिंह मंडली ने दिया तथा संपादक जगत सिंह राठौड़, पोपट लाल राणावत,मुकेश चौधरी बिजोवा,जयेश सोलंकी, एडवोकेट एम एम बोडा, सीताराम देवासी, ललित बोहरा ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का संचालन एडवोकेट तरुण मेहता ने किया। अंत में हीरालाल व्यास ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक आयोजित

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के राजीव गांधी भवन में युवा कांग्रेस जालौर की मासिक बैठक युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक थांवला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। महासचिव लक्ष्मण सिंह सांखला, प्रदेश संयोजक एव विधानसभा प्रभारी रमेश जी सारण का युवा कांग्रेस कार्यकर्ता श्ह पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया जिसमे जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर एलाना, अशोक जोगसन , सांचोर विधानसभा उपाध्यक्ष दिलीप गर्ग , जालोर विधानसभा उपाध्यक्ष प्रहलादाराम मेघवाल, परवीन लुकड लक्ष्मीकांत दवे, सुरेश मेगवाल, राजूराम चौधरी सोहन खिलेरी,श्रवण गर्ग, नटवर गर्ग नैनाराम, भावेश गर्ग, लक्ष्मण गेहलोत, नेपाल, मुकेश आदि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।